अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में हर्ष के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

दिनांक 5 सितंबर 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अमित गोयल ( एम डी टू ब्रदर्स होल्डिंग लिमिटेड) मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अध्यक्ष ,अग्रवाल कॉलेज  गवर्निंग बॉडी) , श्री दिनेश कुमार गुप्ता (महासचिव, अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी) एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अन्य गणमान्य सदस्यों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन की परंपरा एवं अतिथियों के पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में अग्रवाल पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी गुप्ता द्वारा विभिन्न योगासनो द्वारा बेहतर प्रतिभा प्रदर्शन किया जिसके लिए विशिष्ट अतिथि ने उन्हें ₹11000 नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की एवं श्री अनिल गोयल ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का वास्तविक मार्गदर्शक होता है और उसकी मेहनत और समर्पण से ही राष्ट्र का भविष्य उज्जवल बनता है। मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने भी शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह सही है कि हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी और उपयोग करना आना चाहिए लेकिन शिक्षक के लिए यह भी आवश्यक है कि वह उस पर पूरी तरह से निर्भर ना रहे। शिक्षक की सही भूमिका पर जोर डालते हुए उन्होंने कहा कि जरूरी है कि अलग-अलग तरीकों से अध्यापक अध्यापन का कार्य करें। अग्रवाल कॉलेज महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता ने पुराने समय को याद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधानो के विषय को गंभीरता से लेने को कहा। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज के समय में आवश्यक है कि विद्यार्थियों को

ए आई के लाभों के साथ-साथ उसकी हानियों से भी परिचित कराया जाए। कंप्यूटर के क्षेत्र में हो रही प्रगति ने निश्चय ही शिक्षकों के समक्ष चुनौतियां खड़ी कर दी है। ऐसे में शिक्षक की सही मार्गदर्शन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। अग्रवाल कॉलेज विंग 1 के इंचार्ज डॉ सचिन गर्ग ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कॉलेज में बनाई गई आधुनिक उपकरणों से सजी लैब, स्मार्ट क्लास की जानकारी देते हुए इसे आज की समय की मांग बताया I विभिन्न संबद्ध संस्थाओं के प्राचार्यों ने भी शिक्षक दिवस पर अपने-अपने विचार सांझा किये। जिसमें श्री सुबेश पांडे (प्रिंसिपल,अग्रवाल कॉलेज आफ एजुकेशन) डॉ नीरू मंगला (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ लॉ) डॉ उपासना शर्मा (प्रिंसिपल अग्रवाल स्कूल मछगर)

डॉ मधु पांडे (प्रिंसिपल अग्रवाल स्कूल बल्लबगढ़ एवं डॉ रचना भल्ला (प्रिंसिपल अग्रवाल स्कूल सेक्टर 3) प्रमुख रहे। पूरे समारोह का मंच संचालन डॉ सुप्रिया ढांडा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिल्पा गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में  समस्त कर्मचारी विभाग के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

Edit with WPS Office